ब्रीफ न्यूज

जागरूकता रथ को रवाना करते लोग .

तीन जागरूकता रथ को रवाना किया गया

कुड़ू, लोहरदगा. प्रदान स्वयं सेवी संस्था तथा प्रखंड प्रशासन द्वारा वैश्विक महामारी कोरोनावायरस से बचाव तथा निबटने को लेकर प्रखंड परिसर से तीन जागरूकता रथ को रवाना किया गया. तीनों जागरूकता रथ प्रखंड के सभी 65 गांवों में घूमकर ग्रामीणों को जागरूक करेंगे. मौके पर बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा का वैश्विक महामारी कोरोनावायरस की चपेट में विश्व के 127 देश आ गये हैं. कोरोनावायरस से निबटने तथा बचाव का एकमात्र उपाय सावधानी तथा बचाव है. सामाजिक दूरी बनाकर ग्रामीण इससे बचाव कर सकते हैं. केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा लॉकडाउन किया गया है इसका पालन बहुत जरूरी है. प्रदान संस्था के एग्जीक्यूटिव मैनेजर चंद्रशेखर ने बताया कि कोरोनावायरस से बचाव के लिए प्रखंड प्रशासन से मिलकर संस्था प्रंखड के सभी राजस्व गांवों में जागरूकता अभियान चला रही है . इसके तहत तीनों रथ सभी गांवों में आडियो तथा वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी देंगे कि कोरोनावायरस से कैसे बचाव किया जा सकता है . प्रखंड को तीनों क्लस्टर में बांटते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है . मौके पर झारखंड स्टेट लाईलीवुड संस्थान के संगीता चौहान , निभा चौहान प्रदान संस्था के जोसेफ टोप्पो समेत अन्य शामिल थे.

अना
कर

कम अनाज मि

भंडरा, लोह
घड़ी में राशन
बाज नहीं आ
प्रशासन लगात
राशन वितरण
को बख्शा न
ओर कई राशन
राशन वितरण
भंडरा प्रखंड के
कुंबा टोली के
रामेश्वर उरांव
कि प्रगति महि
दो किलो अना
लिखित रूप से

प्रभात खबर
Thu, 09 April 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/50768341